प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में लगातार बारिश से भारी तबाही, सरायकेला में कच्चा मकान गिरने से दस लोग दबे, दो की मौत, चतरा में बाढ़ जैसे हालात, तीन लोग बहे, खोले गये तिलैया डैम के आठ गेट।

2. राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ऑनलाइन गेमिंग बिल बना कानून, सभी ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर लगेगा प्रतिबंध।

3. विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधि व्यवस्था और सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में सरकार को घेरेगा एनडीए, एसआईआर के विरोध में 26 अगस्त को कांग्रेस का प्रदर्शन।

4. रिम्स की बदहाली को लेकर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, गवर्निंग बॉडी की बैठक बुलाने का दिया निर्देश, सेवानिवृत न्यायाधीश को नियुक्त किया पर्यवेक्षक।

5. रांची में अंडर–23 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया उदघाटन, पहले दिन 10 स्वर्ण, 10 रजत और 20 कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले।

********************

राज्य में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। पिछले तीन दिनों से कई हिस्सों में रुक–रुक कर लगातार बारिश हो रही है। कई इलाकों में भारी बारिश ने तबाही मचायी है। सरायकेला के डांडू गांव में कल मिट्टी का एक कच्चा मकान ढह जाने से इसके मलबे में 10 लोग दब गये। इनमें इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गयी। राजनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने हादसे की पुष्टि की है।

********************

उधर चतरा जिले के पत्थलगडा, गिद्धौर, कान्हाचट्टी और ईटखोरी में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये हैं। यहां करीब छह सौ घरों में पानी घुस गया है और नदियां उफान पर है। गिद्धौर के कटघरा गांव में नदी किनारे एक घर में पानी घुसने से एक दंपति बह गये। पत्नी का शव बरामद कर लिया गया है जबकि पति की तलाश जारी है। इधर, पत्थलगड़ा के नोनगांव में उफनते नाले में बह जाने से एक वृद्ध की मौत हो गयी।

********************

लगातार बारिश के कारण कोडरमा के तिलैया डैम का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है, जिसके कारण रात नौ बजे इसके आठ गेट खोले दिये गये। डैम के हेडल इंचार्ज सैय्यद माहताब कादरी ने बताया कि डैम का गेट खोले जाने को लेकर डीवीसी प्रबंधन की ओर से कोडरमा जिला प्रशासन के अलावा गिरिडीह, बोकारो, धनबाद और जामताड़ा जिले को अलर्ट भेजा गया है। आम नागरिकों से भी सतर्क रहने की अपील की गयी है।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को अपनी स्वीकृति दे दी है। इस अधिनियम का उद्देश्य ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करना है, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाना है। मनी गेमिंग से संबंधित कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट

newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

********************

विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की एक बैठक रांची में हुई। बैठक के बाद विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 26 अगस्त को सदन के अंदर और सदन के बाहर एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

********************

इधर, झारखण्ड विधानसभा के मॉनसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए विपक्ष ने भी अपनी तैयारी कड़ी कर ली है। इस कड़ी में भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए विधायक दल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सदन के अंदर और बाहर सरकार से सूर्या हांसदा एनकाउंटर पर जवाब मांगा जायेगा। इधर, खूंटी में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस पर हमला बोला।

********************

राज्य की सबसे बड़ी स्वास्थ्य संस्था राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज– रिम्स की बदहाली को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रिम्स की गवर्निंग बॉडी को 8 से 14 सितंबर के बीच अनिवार्य रूप से बैठक करने का निर्देश दिया।

इस बैठक की निगरानी के लिए हाई कोर्ट ने एक सेवानिवृत्त जज को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जीबी की बैठक में लिए गए निर्णयों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

********************

जामताड़ा जिले में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदिवासी समुदाय के समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

********************

अंडर–23 सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको–रोमन शैली और महिला कुश्ती प्रतियोगिता रांची के खेलगांव स्थित गणपत राय इनडोर स्टेडियम में शुरु हो गयी है। इसका उद्‌घाटन खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया। पहले दिन फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में 10 स्वर्ण, 10 रजत और 20 कांस्य पदक के लिए मुकाबले हुए। इसमें 162 अंक लेकर हरियाणा पहले, 145 अंकों से साथ दिल्ली दूसरे और 123 अंकों के साथ एसएससीबी तीसरे स्थान पर रहा। आज महिला पहलवानों के बीच प्रतियोगिताएं होंगी।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन पक्ष–विपक्ष द्वारा दिशोम गुरु को भारत रत्न देने की मांग की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची यूनिवर्सिटी की स्नातक फोर्थ सेमेस्टर की भूगोल की कॉपियां गायब।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– रिम्स की कैंटिन की चाय पीने के बाद जूनियर डॉक्टर गंभीर।

प्रभात खबर लिखता है– झारखंड में आज से होगी मैट्रिक, इंटर की संपूरक परीक्षा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– लखपति करदाताओं में झारखंड का तीसरा स्थान, गुजरात व दिल्ली को भी पछाड़ा।

********************